अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 7 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण पंचमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 08, TOP

एसआरएमएस कॉलेज में स्किल एन्हांसमेंट कोर्स का शुभारंभ

बरेली (वि)। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग एवं वोल्टिक्स इंटरनेशनल प्रा. लि. तथा कैपिटल इलेक्ट्रिक कंपनी के प्रायोजन में पांच दिवसीय लेटेक्स पर स्किल एन्हांसमेंट कोर्स का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह कार्यक्रम 6 से 10 अप्रैल 2026 तक हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में प्रतिदिन दोपहर 2.50 से सायं 4.50 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें ऑफलाइन प्रतिभागी न्यू सेमिनार हॉल में तथा ऑनलाइन प्रतिभागी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर पारुल दीक्षित ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार ने मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ डिजाइन इंजीनियर डॉ. सूरजा डेका का पौधा भेंट कर सम्मान किया। टीडीपी सेल के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने लेटेक्स जैसे आधुनिक तकनीकी उपकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. डेका ने व्याख्यान में लेटेक्स के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इसके माध्यम से जटिल एवं विस्तृत दस्तावेजों को सरल, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप में तैयार किया जा सकता है।